विशाल रक्तदान शिविर, मानव एकता दिवस सत्संग, कोटा में माननीय लोक सभा अध्यक्ष का सम्बोधन

जो धन का दान करता है वह धनदाता होता है, जो विद्या का दान करता है, वह विद्यादाता होता है, लेकिन जो रक्त का दान करता है, वह जीवन दाता होता है। रक्तदान इतने पुण्य का काम है, क्योंकि आपका दान किया हुआ रक्त, जरुरतमन्द इंसान का जीवन बचाता है। उसे नया जीवन देता है।

गर्मियों के समय में जब अस्पतालों में, ब्लड बैंकों में रक्त की कमी रहती है, ऐसे समय पर रक्तदान शिविर का आयोजन करना बड़ा ही उत्तम विचार है।

रक्तदान कर हम किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचा सकते हैं। और अति आवश्यक होने पर आपके एक बार के रक्तदान से 3 लोगों तक का जीवन बचाया जा सकता है।

देश में हर दिन अनेक लोग होते हैं जिन्हें अस्पतालों में रक्त की जरूरत होती है। कई बार किसी का एक्सीडेंट जाता है, किसी की सर्जरी होती है, कोई कैंसर से पीड़ित होता है या कोई किसी दूसरी बीमारी से जूझ रहा होता है। इन सभी व्यक्तियों को यदि समय पर रक्त मिल जाए, तो इनका जीवन बचाया जा सकता है।

हम जानते हैं कि रक्त सामान्यतः आज भी आर्टिफिशियल नहीं बनाया जाता है, और जब किसी भी व्यक्ति को अस्पताल में रक्त की आवश्यकता होती है, तब किसी का दान किया हुआ रक्त ही जरूरतमंद के चढ़ता है।

रक्तदान का क्या महत्व होता है, ये हमें तब समझ आता है जब किसी का कोई परिजन अस्पताल में भर्ती हो, और उन्हें रक्त की जरूरत पड़ती है। उस स्थिति में वह व्यक्ति किसी ना किसी से संपर्क करने की कोशिश करता है कि कहीं ना कहीं से प्राप्त हो जाए। उस वक़्त ज्यादातर लोग समझ पाते हैं कि रक्तदान कितना जरूरी है।

जैसा कि मेडिकल साइंस कहती है, एक स्वस्थ इंसान हर तीन महीने में एक बार रक्तदान कर सकता है और एक यूनिट रक्त जो वो डोनेट करते हैं, वो फिर शरीर में तेजी से नया रक्त तैयार हो जाता है। 10 – 15 दिन में अच्छी तरह से शरीर में फिर से फ्रेश ब्लड तैयार हो जाता है। इसलिए शरीर को स्वस्थ रखने के लिए भी रक्तदान का बड़ा महत्व है।

रक्तदान सेवा और समर्पण का काम है। मानवता के हित में बड़ा योगदान है। जब आपका डोनेट किया हुआ रक्त किसी जरुरतमन्द के चढ़ता है, तो बिना जाति-धर्म-समुदाय, अमीर-गरीब देखें चढ़ता है। इसलिए ये ऐसा काम है, जो हमारे समाज को संगठित करता है, लोगों में भाईचारा बढ़ाता है।

मैंने देखा है कि ओ नेगेटिव, जैसे कुछ ब्लड ग्रुप्स बहुत कम लोगों में मिलते हैं। इसलिए जब कई बार ऐसे लोगों को रक्त कि जरूरत होती है, तो रक्त आसानी से नहीं मिल पाता है। इसलिए ऐसे सभी स्वस्थ लोग जिनका ब्लड ग्रुप दुर्लभ प्रकार का है, मैं उन सभी से विशेष अपील करूंगा कि आप जरूर पूरी जिम्मेदारी के साथ रक्त दान करें।

आज यहाँ सत्संग के पावन कार्यक्रम को आपके रक्तदान ने और अधिक पवित्र बना दिया है। मैं इसके लिए आपको साधुवाद देता हूँ। आप युवाओं की प्रशंसा करता हूँ।